**अति महत्वपूर्ण/समयबद्ध/ईमेल द्वारा**

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त
राजकीय/अनुदानित/निजी क्षेत्र
की संस्थाएं।

पत्रांकः प्राशिप/अनु0–6/सैत्रिक अंक/मई–जून –2026/1980 लखनऊः दिनांकः 27/05/2026

विषयः **परिषद द्वारा आयोजित सम सेमेस्टर/वार्षिक/बैक पेपर परीक्षा, मई–जून–2026 में सम्मिलित हो रहे रजिस्टर्ड/रि–रजिस्टर्ड समस्त छात्र/छात्राओं के सैत्रिक/गेम्स/अनुशासन अंक ऑनलाइन भराये जाने विषयक।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि परिषद द्वारा आयोजित सम सेमेस्टर/वार्षिक/बैक पेपर परीक्षा, मई–जून 2026 में सम्मिलित हो रहे सम सेमेस्टर/वार्षिक पद्धति के रजिस्टर्ड/रि–रजिस्टर्ड समस्त छात्र/छात्राओं के सैत्रिक/गेम्स/अनुशासन अंक Student Centred Activities की सूचियों के प्रारूप संस्था लॉगिन पर निम्न विवरण के अनुसार प्रेषित किये जा रहे हैं।

1. सम सेमेस्टर/वार्षिक/बैक पेपर परीक्षा, मई–जून 2026 से सम्बन्धित समस्त पाठ्यक्रमों के वार्षिक एवं सेमेस्टर पद्धति के पंजीकृत रजिस्टर्ड/रि–रजिस्टर्ड समस्त छात्र/छात्राओं के सैत्रिक/गेम्स/अनुशासन अंकों/SCA अंकों की सूचियॉ परिषद की वेबसाइट **www.bteup.ac.in** पर उपलब्ध संस्था लॉगिन पर दिनांक **29/05/2026** से उपलब्ध कराई जा रही है।
2. सम सेमेस्टर/वार्षिक/बैक पेपर परीक्षा, मई–जून 2026 से सम्बन्धित सैत्रिक, गेम्स एवं अनुशासन अंक/SCA की सूचियों में अंकों की प्रविष्टि ऑनलाइन किया जाना है, ऑनलाइन सैत्रिक, गेम्स एवं अनुशासन अंक/SCA अंकों की प्रविष्टि कराये जाने हेतु परिषद की वेबसाइट **www.bteup.ac.in** द्वारा **दिनांक 29/05/2026 से 05/06/2025** तक पोर्टल खोला जा रहा है।

- **ऑनलाइन सैत्रिक अंक भरे जाने सम्बन्धी निर्देशः–**

1. संस्था में संचालित समस्त पाठ्यक्रमों की सूची Select Trade के अन्तर्गत लिस्ट में प्रदर्शित होगी।
2. Trade Code के चयन के बाद Academic Semester/Year को Select करना होगा, जिसमें Academic Semester/year का Code प्रदर्शित होगा।
3. Academic Semester/Year के Selection के बाद Paper वाले Box में Sessional, Games एवं Discipline/SCA अंकों का चयन करना होगा तद्पश्चात Entry Marks के बटन को Click करना होगा, जिससे चयनित ब्रांच के चयनित सेमेस्टर/वार्षिक के चयनित विषय से सम्बन्धित छात्र/छात्राओं की सूची प्रदर्शित होगी, जिसमें Marks Obtained के कालम में छात्र/छात्रा के अंकों की प्रविष्टि करनी होगी। सम्पूर्ण सूची में अंकों की प्रविष्टि किये जाने के पश्चात **"Save" Button** के माध्यम से भरा हुआ डेटा सेव होगा।
4. ऑनलाइन भरे गये सैत्रिक, गेम्स एवं अनुशासन अंकों/SCA अंकों को भरने के पश्चात सम सेमेस्टर/वार्षिक पद्धति के समस्त ब्रांच एवं पाठ्यक्रम की सूचियों का प्रिंट निकाल लें तथा समस्त सूचियों के प्रत्येक पृष्ठ पर विभागाध्यक्ष के हस्ताक्षर के बाद संस्था प्रधानाचार्य/निदेशक हस्ताक्षर करके संस्था की मुहर लगाकर सॉफ्टकॉपी (पी0डी0एफ0 में एवं फाइल नेम संस्था कोड के साथ अनिवार्य रूप से) परिषद की ई.मेल. upbteanu6@gmail.com पर प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

**सैत्रिक/गेम्स/अनुशासन अंक/SCA अंक प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में निर्देशः–**

1. सम सेमेस्टर/वार्षिक पद्धति के रजिस्टर्ड/रि–रजिस्टर्ड समस्त छात्र/छात्राओं के सैत्रिक अंक उत्तर प्रदेश प्राविधिक शिक्षा (प्रवेश परीक्षाओं का संचालन और प्रमाण–पत्र और डिप्लोमा का प्रदान किया जाना) प्रथम संशोधनविनियमावली– 2016 के विनियम–18 के प्रतिस्थापित उपबन्धों में वर्णित प्राविधान के अनुसार प्रदान किये जायेंगे।
2. समस्त लिखित एवं प्रयोगात्मक परीक्षाओं के सभी विषयों के सैत्रिक अंकों का योग कोड–51 में गेम्स के अंक कोड–52 में तथा अनुशासन के अंक कोड–53 में भरे जायेंगे एवं NSQF पाठ्यचर्या वाले पाठ्यकम में SCA अंक 52 में भरा जायेगा।

Scanned with OKEN Scanner

3. किसी भी छात्र/छात्रा को यदि 90% से अधिक सैत्रिक अंक प्रदान किये जाते हैं तो ऐसे छात्र/छात्रा की मासिक परीक्षाओं की उत्तर–पुस्तिकाओं की छायाप्रतियाँ एवं अन्य आवश्यक अभिलेखों की छायाप्रति सैत्रिक अंक सूची के साथ संलग्न कर परिषद कार्यालय में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत किया जाये। यह भी अवगत कराना है कि परिषद विनियमावली "उत्तर प्रदेश प्राविधिक शिक्षा (प्रवेश, परीक्षाओं का संचालन और प्रमाण–पत्र और डिप्लोमा प्रदान किया जाना) प्रथम संशोधन विनियमावली 2016 के विनियम 26 के स्तम्भ–2 में एतद्द्वारा प्रतिस्थापित विनियम (4) के अनुसार "यह कि संस्था द्वारा एक बार संसूचित और परिषद द्वारा स्वीकार किये गये आंतरिक निर्धारण अंकों (सेशनल, खेलकूल, अनुशासन) में परिणामों की घोषणा के पश्चात परिवर्तन नहीं किया जायेगा" के अन्तर्गत आप द्वारा ऑनलाइन प्रविष्टि कराये गये एवं परिषद को प्रेषित किये गये सैत्रिक अंकों में किसी भी प्रकार का परिवर्तन/संशोधन परीक्षाफल घोषित होने के उपरांत किया जाना नियम विरूद्ध है। अतः सैत्रिक आदि अंक सूचियों में अंकों की प्रविष्टि सावधानी पूर्वक की जाये।

आप भली–भांति सुनिश्चित कर लें कि उक्त परीक्षा में सम्मिलित कराये गये छात्र/छात्राओं द्वारा चयनित किये गये विषयों का अंकन उक्त सूची में हो गया है। आप द्वारा ऑनलाइन प्रविष्टि कराये गये सैत्रिक अंकों में किसी भी प्रकार का परिवर्तन/संशोधन किया जाना सम्भव नहीं होगा। यदि इस स्थिति में संस्था का कोई छात्र/छात्रा सैत्रिक अंक प्रदान न किये जाने से वंचित रह जाता है, तो इसका समस्त उत्तरदायित्व सम्बन्धित संस्था प्रधानाचार्य/निदेशक का होगा।

नोटः– यहाँ यह भी अवगत कराना है कि सम सेमेस्टर/वार्षिक/बैक पेपर परीक्षा, मई–जून 2026 में सम्मिलित कराये गये छात्र/छात्राओं के प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष कैरी ओवर अंकों की प्रविष्टि नियमानुसार प्रथम वर्ष कैरी ओवर 30% एवं द्वितीय वर्ष कैरी ओवर 70% के साथ परिषद द्वारा स्वतः परीक्षा परिणाम में अंकित कराई जायेगी। अतः यह विकल्प चयनित विषयों की सूचियों से हटा दिया गया है।

4. अस्तु आपसे अनुरोध है कि उपरोक्तानुसार वर्णित प्रकिया के अनुसार सम सेमेस्टर/वार्षिक/बैक पेपर परीक्षा, मई–जून 2026 में सम्मिलित हो रहे सेमेस्टर पद्धति एवं वार्षिक पद्धति के समस्त पाठ्यक्रमों के छात्र/छात्राओं के सैत्रिक, गेम्स एवं अनुशासन अंकों/SCA अंकों की सूचियों में सावधानी पूर्वक अंकों की प्रविष्टि दिनांक 05/06/2025 तक करना सुनिश्चित करें। उपरोक्त निर्धारित तिथि के पश्चात किसी भी दशा में परिषद द्वारा तिथि विस्तारित नहीं की जायेगी।

उक्त सैत्रिक अंकों की सॉफ्टकॉपी (पी0डी0एफ0 में एवं फाइल नेम संस्था कोड के साथ अनिवार्य रूप से) परिषद की ई0मेल0 **upbteanu6@gmail.com** पर प्रेषित करना सुनिश्चित करें एवं हार्डकापी संस्थाएँ दो वर्षों तक अपने पास सुरक्षित रखेंगी, ताकि भविष्य में किसी भी विषम परिस्थित में संस्था द्वारा हार्डकापी उपलब्ध करायी जा सके।

अतः प्राथमिकता के आधार पर उपरोक्तानुसार ऑनलाइन सैत्रिक अंकों की प्रविष्ट का कार्य दिनांक 05/06/2026 तक प्रत्येक स्थिति में पूर्ण कराना सुनिश्चित कर लें। परीक्षा परिणाम की घोषणा के पश्चात सैत्रिक अंकों में परिवर्तन/संशोधन चाहे व लिपिकीय त्रुटि क्यों न हो किसी भी दशा में नहीं किया जायेगा। उपरोक्त निर्देशों का पूर्ण अनुपालन करना सुनिचित करें।

भवदीय,

(डॉ. संतोष कुमार सिंह)
सचिव।

पृ0सं0: प्राशिप/अनु0–6/सैत्रिक अंक/मई–जून –2026/1981-85 तद् दिनांकः 27/05/2026

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन लखनऊ/अध्यक्ष, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ को प्रमुख सचिव/अध्यक्ष महोदय के अवगतार्थ।
2. महानिदेशक, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
3. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, कानपुर।
4. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र/बुन्देलखण्ड क्षेत्र/मध्य क्षेत्र/पश्चिमी क्षेत्र।
5. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि उक्त के संबंध में आवश्यक कार्यवाही एवं उक्त सूचना परिषद की वेबवाइट **www.bteup.ac.in** पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।

(डॉ. संतोष कुमार सिंह)
सचिव।

Scanned with OKEN Scanner